किस्को क्षेत्र में जागरूकता शिविर आयोजित



किस्को/लोहरदगा। सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के दिशा निर्देशन पर किस्को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पीएलवी शाहिद हुसैन के द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को मिलने वाली लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को मिलने वाला लाभ एवं जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है उसे बनवाने के बारे में लोगो को बताया वही मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कर वादों का निपटारा करने के बारे में एवं लोक अदालत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा से मिलने वाली लाभ के बारे में बताया साथ ही केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक बताया और जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं पीएलवी द्वारा सरकारी योजना से लाभ दिलाने में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया गया